तुझसे ही शुरू और खत्म

तुमसे ही शरू और खत्म, बिन तुम्हारे सब अधूरा है,
जो भी है भोले दुनिया में मेरा, सब पर ही हक तेरा है ,

बाबा तेरे लिए मेरे निज मन में, प्यार बड़ा गहरा है ,
तुम बिन नहीं है कोई मेरा, मुझे हर पल सहारा तेरा है ,

बादल संकट के जब छाते, मन में होती घबराहट है ,
कर्पूर गौरं करुणावतारं से मन में होती तेरी आहट है ,

मन में रहता हर पल विश्वास, बाबा संकट का करेंगे निदान,
भोलेनाथ, शिवशंकर, देवादिदेव महादेव, हैं कृपानिधान ,

शिव तुझसे ही मेरे रिश्ते नाते, तुम्हीं मेरे जीवन आधार
तेरी कृपा से मेरे हर संकट मिटे, शुभ मंगल होत अपार ,

ॐ नमः शिवाय !! जय भोलेनाथ !! हर हर महादेव !!

Sundaram

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14352/title/tujhse-hi-shuru-or-khatam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |